# न्यायालय जिला कलक्टर, भरतपुर

अपील/आरटीआई/22/2020

देव प्रकाश शर्मा, 3–एच–10 आर.एच.बी शास्त्री नगर जयपुर ।

बनाम

उपखण्ड अधिकारी वैर ।

**अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005**

## आदेश

**दिनांक 11.03.2020**

अपीलार्थी की यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत हुई है। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि देव प्रकाश शर्मा, 3–एच–10 आर.एच.बी शास्त्री नगर जयपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जरिये प्रार्थना पत्र 01.01.2020 के द्वारा उपखण्ड अधिकारी वैर से सूचना चाही गयी थी। उपखण्ड अधिकारी वैर द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/कोर्ट/108 दिनांक 13.02.2020 से उपखण्ड अधिकारी वैर से प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने बाबत रिपोर्ट तलब की गई । उपखण्ड अधिकारी वैर से कोई जबाब प्राप्त नहीं हुआ।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी ने अपील में कथन किया है कि आरटीआई के तहत चाही गई सूचनाऐं उपखण्ड अधिकारी वैर ने उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। अपीलान्ट द्वारा उपखण्ड अधिकारी वैर से उक्त सूचनाऐं दिलायी जाने की प्रार्थना की है। इस सम्बन्ध में उपखण्ड अधिकारी वैर से कोई जबाब प्राप्त नहीं हुआ है, जो गंभीर बात है। उपखण्ड अधिकारी वैर से जबाब प्राप्त नहीं होना यह जाहिर करता है कि अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। जबकि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रार्थी को अन्दर 30 दिवस कार्यवाही कर सूचना उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी वैर को निर्देशित किया जाता है कि राजस्थान सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8, 9 एवं 11 के बाध्यकारी प्रावधानों को मध्यनजर रखते हुये तदोपरान्त ही अपीलार्थी को सूचना निःशुल्क उपलब्ध कराई जावे।

अपील स्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति पालनार्थ उपखण्ड अधिकारी वैर को प्रेषित की जावे एवं सूचनार्थ अपीलांट को प्रेषित हो।

**(नथमल डिडेल)**
**जिला कलक्टर**
**भरतपुर**

Signature Not Verified
Digitally signed by Nathmal Didel
Date: 2020.03.19 14:56:24 IST
Reason: SelfAttested